## सार-समाचार

### किशोर व सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने शुक्रवार को राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि यहां पर रहने वाले विधि से संघर्षरत बालकों, किशोरों एवं शिशुओं को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में बालकों का उचित ध्यान रखा रखा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बालकों से वार्तालाप कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली और उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिनके प्रकरणों में अपील और जमानत नहीं लगाई गई उनके प्रकरणों में शीघ्र जमानत, अपील की कार्यवाही की जावे। इस दौरान उन्होंने बनाए जाने वाले भोजन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बालकों के रहने के कक्षों, रसोई घर आदि की साफ सफाई प्रतिदिन और अधिक बेहतर तरीके से की जावे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम चल रहा है। इसलिए बालकों, के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जावे यदि कोई बालक बीमार हो तो उसे तुरंत चिकित्सक से जांच करवाकर दवाइयां उपलब्ध करवाई जावे। इस दौरान उन्होंने बालकों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। सचिव ने बालकों के अधिकारों के की जानकारी दी। मौर कंवर, केयर टेकर लकमाराम आदि मौजूद रहे।

### गणेश मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी

**जालोर**, (कासं)। जालोर के गणेश चौक स्थित अति प्राचीन गणेश मंदिर का जीर्णोद्वार स्वर्गीय लाल चंद अरोडा एवं स्वर्गीय श्यामलाल अरोडा के परिवार द्वारा करवा कर सर्व समाज को सुपुर्द किया गया। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा के लिए सर्वसमाज द्वारा गणेश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सत्यप्रकाश रामावत को अध्यक्ष मनोनीत किया गया । उपाध्यक्ष शंकर लाल प्रजापत ,सचिव जगदीश रामावत, सह सचिव जगदीश जे सोनी ,कोषाध्यक्ष अजय अरोडा को मनोनीत किया गया । संरक्षक के रूप में कांतिलाल सोनी ,गोकुल प्रसाद अरोडा, भूपेंद्र सोनी ,शांतिलाल सोनी सहित कार्यकारणी सदस्य के रूप में पंडित प्यारे लाल शर्मा ,मधुर श्याम गुप्ता ,मन मोहन अरोडा ,तरुण त्रिवेदी ,विनोद मेहता ,पदम सा जैन,ओम प्रकाश सुथार,अरुण मेहता ,प्रकाश बंसल, त्रिभुवन दवे ,संभाजीराव पाटिल ,ललित वैष्णव,माधव अरोडा ,भंवरलाल सोनी ,शिव नारायण शर्मा , हीरालाल भाटी ,जसराज सोनी ,सुशील सोनी,मनीष लालवानी ,जगदीश प्रसाद अग्रवाल ,खेत राज जैन ,महेन्द्र सोनी ,प्रवीण वैष्णव ,राकेश सोनी व लाल कृष्ण सोनी को मनोनीत किया गया ।समिति के मनोनीत प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नरपत आर्य ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम आगामी 24 अगस्त 25 से 27 अगस्त तक आयोजित होगा। जिससे के लिए विभिन्न चढावों की बोलियां बोली गई। देर रात तक चली बोलियों में लाभार्थियों ने भाग लिया और लाभ प्राप्त किया ।आगामी महोत्सव की तैयारियों प्रारंभ हो गई है।

### शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक कल

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला जालोर की बैठक 20 जुलाई को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी रोड भीनमाल में दोपहर 12 बजे जिला अध्यक्ष हीर सिंह राठौड की अध्यक्षता में रखी गई है। जिला मंत्री कपूर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में सदस्यता विवरण जिसमें प्रत्येक उपशाखा द्वारा समस्त सदस्यता बुक भरी व खाली जमा करवाना, पांच प्रतियों में सदस्यता सूचियां जमा करवाना, सदस्यता राशि का संकलन, सदस्यता राशि जिला शाखा के खाते में जमा करवाई जाएगी । इस के लिए प्रत्येक उपशाखा के द्वारा सदस्यता के अनुसार जिला शाखा के नाम से चेक जमा करवाना,साथ ही बैठक में पूर्ण कालिक कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी का नाम प्रस्तावित किया जाएगा। नेत्र कुंभ रामदेवरा हेतु योगदान के तहत प्रत्येक उपशाखा से रुपए 15000 की राशि एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है । इसे के लिए दानदाताओं की सूची तैयार करने सहित संगठन द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार आगामी कार्य योजनाओं एवं विभिन्न शिक्षक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यता अभियान जिला प्रभारी संभाग संयुक्त मंत्री श्री दीप सिंह देवल सहित जिले के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यगण,समस्त जिला कार्यकारिणी सदस्यगण,ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक मंत्री एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष अपेक्षित रहेंगे।

### नरेगा कार्यों का समय परिवर्तित

**जालोर**, (कासं)। जिले में मानसून को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित किया गया है। जिला कलैक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भीषण गर्मी के कारण महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय 11 जून, 2025 से श्रमिकों का समय प्रातः 5.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक (विश्राम काल रहित) निर्धारित किया गया था, जिसे अब वर्तमान में मानसून का आगमन होने से श्रमिकों के कार्य समय को तत्काल प्रभाव से प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (विश्रामकाल 1 घण्टे सहित) निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में इन्द्राज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है।

### अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति के तहत देय अनुदान के लिए जिले के निर्यातक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि राजस्थान सरकार की माह दिसम्बर, 2024 की अधिसूचना के अनुसार राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति-2024 जारी की गई है। जिसके तहत निर्यातकों को मार्केटिंग असिस्टेंस, डॉक्यूमेंटेशन एण्ड क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सर्टिफिकेशन असिस्टेंस, प्रोडक्ट टेस्टिंग अनुदान, टेक्नोलॉजी अपग्रेडशेन असिस्टेंस, ई-कॉमर्स असिस्टेंस, एक्सपोर्ट क्रेडिट इंश्योरेंस सपोर्ट के तहत अनुदान देय है। उन्होंने जिले के निर्यातकों को सूचित किया है कि उनके द्वारा किए जा रहे निर्यात के संबंध में नीति के तहत देय अनुदानों के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जालोर के कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा किसी भी प्रकार के परामर्श के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

### नंदघर में पौधारोपण, खिलौने बांटे

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित जयचंदों की ढाणी नंद घर में पौधारोपण के साथ खिलौनों के किट वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक प्रहलादसिंह राजपुरोहित ने बताया कि नंदघर परियोजना में वेदांता लिमिटेड, अनिल अठावाल फाउंडेशन एवं जनत संस्थान उदयपुर की ओर से परियोजना बाड़मेर ग्रामीण में जयचंदो की ढाणी नंदघर में पौधारोपण किया गया। इसके उपरांत तीन नंदघरों के लिए खिलौनों के किट एवं 8 नंदघर के लिए टेबल एवं कुर्सियां प्रदान की गई। इससे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों, खेल-कूद, शारीरिक, बौद्धिक, भाषा, रचनात्मक, सामाजिक विकास के साथ शाला पुर्व शिक्षा प्रदान करने में सहुलियत होगी। परियोजना नंदघर से कलस्टर सुपरवाइजर नरेश विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

### रोहिणवाड़ा में चारा भंडार का लोकार्पण

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती रोहिणवाड़ा स्थित श्री सोनगरा मोमाजी गोशाला में भामाशाह जैन चंदनमल पुत्र नैनमल प्रागाणी मेंगलवा द्वारा नवनिर्मित चारा भंडार का शुभारंभ एवं लोकार्पण ग्रामवासियों की उपस्थिति में भामाशाह परिवार द्वारा किया गया। भामाशाह जैन ने बताया कि उनकी दिवंगत पत्नी जीवनपर्यंत गौसेवा करती रही, अब वो संसार में नहीं है लेकिन उनकी प्रेरणा से और उन्हीं की याद में गौमाता की सेवार्थ इस चारा भंडार का निर्माण कर समर्पित किया गया है। गोशाला संचालन कमेटी के नाथूसिंह देता ने सम्पूर्ण ग्रामवासियों की ओर से भामाशाह परिवार का बहुमान कर धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके मंगलसिंह, जोगाराम देवासी, मेसाराम देवासी, कुंपाराम मेघवाल, मोडाराम देवासी, देवाराम, आसाराम सुथार, पताराम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अविनाश गहलोत आज सोजत दौरे पर

**पाली**, (नि.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत शनिवार को सोजत दौरे पर रहेंगे। कैबिनेट मंत्री शनिवार को सायं 4:15 बजे जैतारण से प्रस्थान कर सायं 5:15 बजे सोजत पहुंचेंगे। जहां वे ब्रह्मलीन महाण्डलेश्वर ब्रह्मिनष्ठ श्रोत्रिय स्वामी केवलानंदजी महाराज की प्रथम वार्षिक वर्षी एवं मूर्ति अनावरण समारोह में भाग लेंगे।

# जालोर में पुलिस में झड़प के बाद कथावाचक अनशन पर बैठे

**जालोर**, (कासं)। जालोर के भगतसिंह स्टेडियम में गत कई दिनों से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कथा वाचक के शुक्रवार को अपने भक्तों के साथ किले की पहाड़ी पर स्थित बायोसा मंदिर पर बिना इजाजत के दर्शन करने की जिद करने पर पुलिस द्वारा उन्हें रोकने पर कथावाचक व उसके भक्तो एवं पुलिस के बीच काफी झड़प हो गई। मामला काफी गरमाने पर पुलिस बल किले की घाटी व कथा स्थल पर तैनात किया गया। वहीं कथावाचक बायोसा मंदिर के दर्शन नहीं करे, तब तक एक भक्त के घर की छत पर अनशन पर बैठ गये। कथावाचक व भक्तों की पुलिस से झडप होने पर लोगों ने भीनमाल मार्ग पर टायर जलाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। बाद में पुलिस ने मार्ग को खुलवा दिया गया। वही आक्रोशित लोगों ने एएसपी के वाहन पर पत्थराव करने से वाहन के शीशे टूट गये। वहीं दो कांस्टेबल के चोटें आई।



जालोर के किले की तलहटी पर बायोसा मंदिर के दर्शन के लिए जाने को लेकर महिलाओं की भीड़ रही। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में कथावाचक अभयदास महाराज कुछ दिन पूर्व किले की पहाडी पर स्थित बायोसा मंदिर के दर्शन गये थे वहां जाने के बाद कथा स्थल पर कथा के दौरान उन्होने मातृशक्ति व अपने भक्तो के साथ शुक्रवार को दर्शन का मैसेज ग्रुपो में वायरल होने लगा । वही मैसेज के साथ किसी अनहोनी घटना होने की पुलिस को भनक लगने तथा बायोसा मंदिर के दर्शन की पुरे लवाजमें के साथ जाने की प्रशासन द्वारा कथावाचक को इजाजत नही देने के बावजूद कथा वाचक अपने भक्तो के साथ भगतसिंह स्टेडियम से बायोसा मंदिर के लिए रवाना होने लगा । ऐसे में पुलिस ने उन्हे भक्तो के साथ बायोसा मंदिर जाने से रोकने का प्रयास किया। ऐसे में कथा वाचक व भक्त जबरदस्ती जाने का प्रयास करने जिस के बाद पुलिस व भक्तो के बीच झडप हो गई । कथा स्थल पर काफी अफरा तफरा का माहौल बन गया। कथा वाचक कथा स्थल से एक भक्त के घर पहुंचे तथा वहा उन्होने कहा कि पुलिस ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया है तथा भक्तो के साथ मारपीट की है । मै पुलिस की कडे शब्दो में निंदा करता हूँ । मुझ बायोसा मंदिर के दर्शन करने से पुलिस द्वारा रोका गया है वही आयोजन कमेटी के किसी भी सदस्य में मेरा सहयोग नही किया । मै बायोसा मंदिर के दर्शन करके ही दम लुंगा । उन्होंने विधायक जोगेश्वर गर्ग व मुख्यमंत्री को आगह किया कि वे स्वयं यहा आकर उनके साथ बायोसा मंदिर के दर्शन नही कर लेते तब तक वे अनशन पर बैठे रहेंगे। इस दौरान किले की घाटी की तलहटी पर भी लोग काफी संख्या में पहुंचे। वही तहलटी पर पुलिस जाब्ता मुस्तैदी के साथ खडा रहा। वहा पहुंची महिलाओं को पुलिस प्रशासन ने एसपी के निर्देश पर बायोसा मंदिर के दर्शन भी करवाये। कथावाचक व भक्तों के बीच पुलिस की झड़प से भक्तों में आक्रोश देखा गया। समाचार लिखे जाने तक भक्त एक एक किले की पहाड़ी स्थित बायोसा मंदिर पर दर्शन कर आते नजर आयै। वही कथा वाचक एक भक्त में अनशन पर रहने से तबीयत खराब होने से चिकित्सक ने उनके स्वास्थ्य की जांच की।। समाचार लिखे जाने तक अभी मामला तनाव पूर्ण लेकिन नियंत्रित स्थिति में नजर आया। पुलिस जाब्ता पूर्ण मुस्तैदी के साथ स्थिति पर नजर रखे हुए है।

एसपी ज्ञानचंद यादव ने कहा कि आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखे तथा किसी अफवाह पर ध्यान नही दें। जालोर में शांति का माहौल बनाये रखने के लिए हर आमजन सहयोगी बनें।

## जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल एवं सतर्कता समिति में दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकी.त परिवाद निवारण प्रणाली "अटल जन सेवा शिविर" के तहत जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक तथा जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक में आमजन की परिवेदनाएँ सुनकर उनका निस्तारण किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने रास्ते से अतिक्रमण हटाने,, चामुंडा माता मंदिर रोड पर होने वाली जलभराव समस्या को दूर करने, सीवरेज लाईन को दुरूस्त करने, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही।

जिला कलैक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जन सुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 45 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 7 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। वही उन्होंने जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में 3 दर्ज प्रकरणों की सुनवाई करते हुए समस्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति, सतर्कता शाखा के अनिल कुट्टी सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## भजन संध्या के माध्यम से नशा नहीं करने का संदेश दिया



जालोर में औस नशा मुक्ति केंद्र में एक शाम खाटूश्याम के नाम भजन संध्या हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग के उपनिदेशक भगवानाराम चौधरी व औस संस्थान के सचिव संदीप जैन के मार्गदर्शन में औस नशा मुक्ति केंद्र जालोर में एक शाम खाटूश्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। उपनिदेशक भगवानाराम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू कराया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग के उपनिदेशक भगवानाराम चौधरी ने बताया की नशा आज के समय में एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामजिक जीवन को बुरी तरह से प्रभावित करता है।

औस संस्थान के सचिव संदीप जेन ने केंद्र पर भजन संध्या में भर्ती लाभार्थी को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी लाभार्थियों को बताया कि जीवन में आगे बढना है तो नशे को ना जिन्दगी को हां करना पडेगा।

औस नशा मुक्ति केंद्र के परी.समन्वयक ने बताया की भजन संध्या कराने का उदेश्य है की लोगो में नशे के प्रति जागरूकता आये तथा इसके माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देना है जो एक प्रकार से सकारात्मक व अध्यात्मिक तरीका है भजन संध्या पार्टी ने भक्ति गीतों के माध्यम से केंद्र पर भर्ती लाभार्थीयो को नशा छोडने व प्रेरित जीवन जीने का संदेश है

डॉ. माथुर ने बताया की नशा युवा पीढी के भविष्य को अन्धकार में ले जा रहा है जो धीरे धीरे युवा पीढी को खत्म कर रहा है। लाभार्थीयो को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई कार्यक्रम में नसिग कर्मचारी गोविन्द संदेशा, पारस कुमार वार्ड बॉय जिगर कुमार, जयकुमार सोनी योग शिक्षक अन्नाराम मौजूद रहे।

## जन सुनवाई व सतर्कता समिति की बैठक हुई

**जोधपुर**, (कासं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुई।

जनसुनवाई में 158 प्रकरण आए। जिला कलैक्टर गौरव अठावाल ने इनकी सुनवाई की और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, पीड़ित और जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान रखते हुए सभी समस्याओं की तस्सली से सुनवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी जनसुनवाई का समय निर्धारित करे तथा इस दौरान अनिवार्य रूप से आमजन की बात सुनें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज एवं निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा की। निस्तारित प्रकरणों के समय और संतुष्टि प्रतिशत के बारे में जाना।

जनसुनवाई करते हुए जिला कलैक्टर ने कहा कि उपखंड स्तरीय जनसुनवाइयों के दौरान ग्रामीणों को प्रोपर रिस्पॉन्स दें और उसी स्तर पर इनका निस्तारण करने का प्रयास करें, जिससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला स्तर पर नहीं आना पड़े।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में अधिकारी उनके पास लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें।

## गिव-अप अभियान, अपात्र अपना नाम 31 अगस्त तक हटा सकेंगे

**जालोर**, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए चलाए जा रहे 'गिव-अप अभियान' की अवधि को 31 अगस्त तक बढ़ाया गया है।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि 1 नवम्बर, 2024 से प्रारंभ गिव-अप अभियान के दौरान अब तक जालोर जिले में 5033 अपात्र व्यक्तियों ने आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से पृथक करवाया है। अभियान में अब तक जालोर जिले में 420 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा उनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान के दौरान प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के संबंधित अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी व प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। खाद्य विभाग द्वारा शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करने के साथ ही वसूली की कार्यवाही की जायेगी। विभागीय निर्देशानुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) निष्कासन सूची में आते है। योजना से नाम हटाने के लिए 31 अगस्त, 2025 तक संबंधित व्यक्ति को अपनी उचित मूल्य दुकान पर जाकर निर्धारित फार्म भरना होगा। इस प्रक्रिया के तहत उन्हें यह घोषणा करनी होगी कि वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आने के लिए अयोग्य है और स्वेच्छा से योजना से बाहर हो रहे है।

## भांवरी का चयन मॉडल सोलर विलेज के लिए

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को भांवरी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलैक्टर मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण के निर्देश दिये।

जिला कलैक्टर ने रात्रि चौपाल में आमजन की विभिन्न विभागों से जुडी समस्याओं को सुना जिनमें पंचायत , पानी ,राजस्व , आदि की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस अवसर पर सुनवाई के लिये लगभग 15 प्रकरण प्राप्त हुये जिनकी सुनवाई कर संबधित अधिकरियों को निस्तारण के लिये कहा। कलैक्टर ने आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभ लेने के लिये कहा।

जिला कलैक्टर मंत्री ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि पूरे जिले में ग्राम भांवरी का चयन मॉडल सोलर विलेज के लिए किया गया है। इस योजना में ग्रामीणों के घर में बिजली खर्च नगण्य हो जाएगा। उन्होंने उपस्थिति लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आ ान किया और इसका महत्व समझाया। साथ ही ग्रामीणों को कृषि व पशुपालन विभाग की योजनाओ की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, प्रधान मोहिनी देवी, विकास अधिकारी भगवान सिंह, एक्सईएन पीएचईडी कानसिंह राणावत, एसई पीडब्ल्यूडी दिलीप परिहार, सरपंच सुनिता कंवर, पुखराज पटेल आदि उपस्थित रहे।

## गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम कल एम.शांतिलाल सरस्वती विद्या निकेतन टैगोर नगर पाली एवं एम.टी.पी. पब्लिक स्कूल में प्रातः 9 बजे कार्यक्रम किया गया।

अध्यक्ष नूतन बाला कपिला के निर्देशन में तथा संयोजक श्रीमती सुबुद्धि समदडिया भारत विकास परिषद का परिचय स्थापना व पांच सूत्र-संपर्क,सहयोग, संस्कार,सेवा, समर्पण पर बताया गया। संयोजक सुबुद्धी समदडीया ने बताया कि यदि बच्चों को शुरू से ही संस्कार दिए जाए, तो उनका भविष्य उज्जवल होगा। संस्कारों की कमी के कारण आज युवा पीढ़ी में भटकाव दिखने लगा है,गुरु वंदन व छात्र अभिनंदन की भूमिका का महत्व बताया,प्रशांत कटारिया द्वारा नशा मुक्ति एवं शपथ दोनों स्कूलों में बच्चों को दिलवाई गई। सुरेश सेठिया द्वारा एम.शांतिलाल संस्था प्रधान गजेंद्र जी तथा एम.टी.पी. संस्थापक प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश का स्वागत किया। दोनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक दिए गए। कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पांच/ पांच छात्रों को परिषद द्वारा प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किया कर सम्मानित किया गया। एम. शांतिलाल स्कूल में 25 शिक्षकों तथा एम.टी.पी. में 16 शिक्षकों को छात्रों द्वारा कुमकुम तिलक लगाया।

## प्रतिभा को राष्ट्रपति से स्वच्छ अहमदाबाद सम्मान मिला




आकोली गांव की बेटी प्रतिभा जैन को राष्ट्रीय पुरस्कार स्वच्छ अहमदाबाद प्रदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के छोटे से गांव आकोली की बेटी प्रतिभा जैन, जो वर्तमान में महापौर अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन पद पर कार्यरत हैं, ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उनके कुशल नेतृत्व में अहमदाबाद शहर को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ अहमदाबाद के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुमू द्वारा नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। प्रतिभा जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जालोर जिला जैन फेडरेशन तथा जिलेभर के नागरिकों में हर्ष की लहर दौड गई है।

फेडरेशन के अध्यक्ष जयंतीलाल जैन ने प्रतिभा जैन को बधाई देते हुए कहा कि, यह केवल प्रतिभा बहन की नहीं, अपितु सम्पूर्ण जालोर जिले की उपलब्धि है। उन्होंने सिद्ध किया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि की बेटियाँ भी राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर सकती हैं। फेडरेशन द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित कर उन्हें बधाई संदेश भेजा गया तथा आकोली गांव में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई।

गांववासियों ने गर्व और उल्लास के साथ प्रतिभा जैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिभा जैन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी टीम, नागरिकों और परिवार को दिया तथा कहा कि यह पुरस्कार स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों की जागरूकता और प्रयासों का परिणाम है।

## परशुराम महादेव यात्रा के लिए भजन संध्या आज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान, जोधपुर द्वारा संचालित बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा को लेकर भक्तों में भारी उत्साह छाया हुआ है। परशुराम महादेव पैदल यात्रा 19 जुलाई को सांय 6 बजे शिव मन्दिर, बनावता का बेरा, चेनपुरा से पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी। संस्थान के अध्यक्ष एवं वयोवृद्ध समाजसेवी शंकर लाल कच्छवाहा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा।

प्रवक्ता जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि शनिवार, 19 जुलाई को विभिन्न मांगों से होते हुए यह शोभायात्रा लाल सागर स्थित हनुमानजी के मन्दिर पहुंचेगी। इस शोभा यात्रा में माताएँ बहिनें जल कलश लिए चलेगी। रात्रि को यहां भव्य भक्ति संगीत होगी। भजन संध्या में भजन सम्राट महेन्द्रसिंह राठोड़,भजन सम्राट सुर लहरी लेहरू दास वैष्णव,भजन सम्राट मोईनुदीन मनचला, गजेन्द्र निवास राव, महावीर साँखला नागौर, मंच शिरोमणी राष्ट्रपति पुरुष्कार से सम्मानित ओमप्रकाश आचार्य, विक्की मनचला सहित अनेक लोकगायक भजनों की प्रस्तुति देंगे।

जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि दूसरे दिन 20 जुलाई, रविवार को सुबह चार बजे लालसागर बालाजी मंदिर से पैदल यात्रा रवाना होगी। इसी दिन रात को प्रथम पड़ाव राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुड़ी गांव में होगा। दूसरा पड़ाव सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोहट में रहेगा। इसी प्रकार तीसरा पड़ाव रा.उ.मा. वि., बांगड़ स्कूल, पाली, चौथा पड़ाव, पांचवां पड़ाव रानी, तथा छटा पड़ाव सादड़ी में रहेगा। सातवे दिन परशुराम महादेव (कुण्ड धाम) में रात्रि विश्राम रहेगा। अगले दिन भगवान परशुराम महादेव के दर्शन कर यात्रा का समापन होगा। जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि यात्रियों के लिए चाय पानी तथा भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा निशुल्क की जाएगी। वृद्ध यात्रियों के लिए वाहन व्यवस्था भी रखी गई है।

### उत्सव मनाया

**पाली**, (नि.सं.)। गणेश महिला मंडल ने आज लाखोटिया उद्यान में रिमझिम बारिश के बीच लहरिया उत्सव 2025मनाया। प्रवक्ता संतोष दुबे बताया कि अध्यक्ष भाग्यवंती गेहलोत के निर्देशन में लहरिया उत्सव से मनाया।